-: विज्ञप्ति :-

राजस्थान आवासन मण्डल डेटा एंट्री ऑपरेटर (Informatics Assistant) सीधी भर्ती परीक्षा 2023

द्वितीय भाग :- टंकण गति परीक्षण (Typing Speed Test)

अ- सामान्य दिशा-निर्देश

1- अभ्यर्थी परीक्षा शुरू होने के समय से एक घंटे तीस मिनिट पूर्व परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होंगे |

2- परीक्षा केंद्र के मुख्य द्वार पर आपका प्रवेश पत्र जांचा जायेगा | आपकी गहन जाँच की जाएगी तथा जाँच
के दौरान अवांछनीय वस्तु पाए जाने पर परीक्षा केंद्र में प्रवेश नही दिया जायेगा |

3- प्रवेश पत्र जाँच के पश्चात् आपको परीक्षा हॉल में भेजा जायेगा, परीक्षा हॉल में आपकी Biometric एवं तस्वीर कैप्चर होगी |

4- Biometric एवं तस्वीर कैप्चर होने के पश्चात किसी भी कारणवश, किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा हॉल से बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी |

5- परीक्षा हॉल में परीक्षक आपकी उपस्थिति आपके हस्ताक्षर कराके अंकित करेंगे |

6- अभ्यर्थी परीक्षा हॉल में अपनी जगह पर बैठने पर, परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व, कृपया सुनिश्चित कर लेवें कि कम्प्यूटर सही ढंग से कार्य कर रहा है तथा की-बोर्ड एवं माउस भी पूर्ण रूप से सही कार्य कर रहे हैं | परीक्षा शुरू होने के पूर्व उपरोक्त के बारे में अभिजागर (Invigilator) को सूचित नहीं करने की दशा में संपूर्ण जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी |

7- परीक्षा शुरू होने से पहले अभ्यर्थी स्क्रीन पर दिये गये निर्देशों का ध्यान पूर्वक अध्ययन करे तथा अपनी आवश्यक सूचनाओं की प्रविष्टि कम्प्यूटर पर ध्यानपूर्वक करें |

8- टंकण गति परीक्षण हेतु विशेष रूप से बनाये गये सॉफ्टवेयर का उपयोग किया जायेगा |

9- यदि किसी कारण से सॉफ्टवेयर में समस्या आ रही है, तो अभिजागर (Invigilator) को तुरंत सूचित करें |

10- कम्प्यूटर पर टंकण गति परीक्षा से पूर्व अथवा परीक्षा समय में परीक्षा सॉफ्टवेयर के अतिरिक्त किसी अन्य सॉफ्टवेयर को नहीं खोलें अन्यथा इससे होने वाली समस्या के लिये आप स्वयं जिम्मेदार होंगे |

11- सूचना सहायक टंकण गति परीक्षा के अन्तर्गत दो भाग होंगे, जिनका वर्गीकरण निम्नानुसार है -

12

- सूचना सहायक टंकण गति परीक्षा के अन्तर्गत दो भाग होंगे, जिनका वर्गीकरण निम्नानुसार है -

भाग सं.	विषय	समय	अर्हता हेतु न्यूनतम औसत टंकण गति
1	हिन्दी गति परीक्षण	15 मिनट	20 सही शब्द प्रति मिनट
2	अंग्रेजी गति परीक्षण	15 मिनट	20 सही शब्द प्रति मिनट

13 - अर्हता हेतु दोनों भाषाओं में अलग-अलग निर्धारित न्यूनतम टंकण गति को प्राप्त करना अनिवार्य है |

14 - टंकण गति परीक्षण दो भागों में ली जायेगी एवं प्रत्येक भाग हेतु 15-15 मिनिट का समय दिया जायेगा | प्रथम भाग में हिन्दी भाषा की टंकण गति परीक्षा तथा द्वित्तीय भाग में अंग्रेजी भाषा की टंकण गति परीक्षा ली जायेगी। दोनों परीक्षाओं में 5 मिनट का अन्तराल रहेगा |

ब-टंकण गति परीक्षा-निर्देश

हिंदी की-बोर्ड



नोट- यह की-बोर्ड केवल द्रष्टांत रूप है, इसे DevLys010 फोंट के अनुसार चैक कर लेंवे । की-बोर्ड (Keyboard) की कुछ "की" (Key) DevLys010 फोंट के अनुसार द्रष्टांत से भिन्न हो सकती है ।

16- माउस (Mouse) को अभ्यर्थी सिर्फ उपर वाले हिस्से में दिखाये गये पैराग्राफ को स्क्रॉल करने के उद्देश्य से ही उपयोग कर सकेंगे।

17- अभ्यर्थी की गति एवं दक्षता टंकण गति परीक्षा के दौरान सॉफ़्टवेयर निरीक्षण में अंकित (Recorded) होती रहेगी इसलिए अभ्यर्थी पैराग्राफ में दर्शाये गए शब्दों को उसी क्रम और रूप में टंकित करेंगे । ऐसा नहीं करने पर सॉफ़्टवेयर गलती (Errors) अंकित (Record) करेगा।

18- स्क्रीन पर ऊपर की तरफ घड़ी दिखती रहेगी। जो यह दर्शायेगी कि परीक्षा पूर्ण होने में कितना समय शेष है ।

19- समय पूर्ण होने पर वह अपने आप "Submit" हो जायेगा ।